पत्रांक–......9071....../ न0वि0एवंआ0वि0

बिहार सरकार
नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

जय प्रकाश मंडल
सरकार के विशेष सचिव

सेवा में,

प्रधान सचिव,
नगर विकास एवं आवास विभाग,
बिहार, पटना

पटना, दिनांक 7 दिसम्बर, 2016.

विषय :– **नगर परिषद, मधेपुरा में विभाग द्वारा कार्यान्वित मुख्य मंत्री निश्चय योजना एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में प्रतिवेदन ।**

प्रसंग :– विभागीय आदेश ज्ञापांक 8840 दिनांक 28.11.2016 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक आदेश के आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 02.12.2016 को नगर परिषद, मधेपुरा का भ्रमण कर मुख्य मंत्री निश्चय योजना यथा "हर घर नल–जल योजना/शहरी नाली–गली पक्कीकरण योजना/हर घर शौचालय निर्माण योजना" तथा विभाग द्वारा कार्यान्वित HFA योजना की समीक्षा की गयी । इस सम्बन्ध में प्रतिवेदन बिन्दुवार निम्नवत् है :–

1. **हर घर नल–जल योजना** :–

नगर परिषद, मधेपुरा में हर घर नल–जल योजना का कार्यान्वयन BRJP द्वारा कराया जा रहा है । इस सम्बन्ध में कोई प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि BRJP द्वारा अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है ।

2. **शहरी गली–नाली पक्कीकरण योजना** :–

इसके अन्तर्गत वार्डवार कुल 592 योजनाओं का चयन कर उन्हें वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है । इनका प्राक्कलन भी तैयार किया जा चुका है तथा 26 योजनाओं का निविदा प्रकाशित करने हेतु भेजा गया है । कार्यपालक पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि शीघ्र निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कराते हुए कार्य प्रारम्भ करायें ।

3. **हर घर शौचालय निर्माण योजना** :–

इस योजना के तहत वर्ष 2015–16 में 665 लाभुकों के लिए कार्यादेश तैयार कर लिया गया है, परन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं रहने के कारण कार्यादेश निर्गत नहीं किया जा सका है ।

4. **HFA योजना** :–

इस योजना के तहत कुल 1012 लाभुको की स्वीकृति दी गयी है, परन्तु आवंटन उपलब्ध नहीं रहने के कारण प्रथम किस्त की राशि का भुगतान नहीं किया जा सका है ।

विश्वासभाजन,

7-12-16

(जय प्रकाश मंडल)
सरकार के विशेष सचिव